DECEMBER 2022 **U/ID 30680/ULE3A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. कबीर निन्दक को निकट ही रखने के लिए क्यों कहते हैं?
2. गोपियाँ उद्धव से अपनी व्यथा किस तरह बताती हैं?
3. सृष्टि की रचना के बारे में तुलसी का क्या विचार है?
4. राणा मीरा को क्यों मरवाना चाहते हैं?
5. बिहारीलाल धतूरे से भी सोना अधिक मादक क्यों कहते हैं?
6. तिरूवल्लुवर कृतघ्नता को सबसे बड़ा पाप क्यों मानते हैं?
7. हिन्दी साहित्य के आदिकाल को 'वीरगाथा काल' नाम क्यों पड़ा?
8. आदिकाल के किन्हीं चार प्रमुख साहित्यिक ग्रंथों के नाम गिनाइए।
9. चंदबरदाई का परिचय दीजिए।

10. कृष्ण भक्ति शाखा के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

11. रीतिकालीन साहित्य को 'दरबारी साहित्य' भी क्यों कहा गया है?

12. रीतिबद्ध काव्य से क्या तात्पर्य है?

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पांच की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

13. जा घट में प्रेम न संचरै सो घट जान मसान।
जैसे खाल लोहार की साँस लेत बिनु प्रान।।

14. जल में कुम्भ कुम्भ में जल, बाहर भीतर पानी।
फूटा कुम्भ, जल जलहि समाना, यह तथ कहो गियानी।।

15. मन क्रम वचन मैं तुम्हे ठावत ब्रज को तुरत पानों।
पूरन ब्रह्म सकल अविनासी ताके तुम हौं ज्ञाता।।
रेख न रूप, जाति कुल नाहीं, जाके नहिं पितु-माता।।
कह मत दै गोपिन कहँ आबहुँ बिरह नदी में भासति।।

16. जाकै प्रिय न राम-वैदेही।
सो छांडिये कोटि बैरि सम, जद्यपि राम सनेही।।
तज्यो पिता प्रह्लाद, विभीषण बंधु, भरत महतारी।।
बलि गुरु तज्यो, कंत ब्रज बनितनि, भये मृदु मंगलकारी।।

17. जोगी मत जा मत जा मत, जा पाइँ परूँ तेरी चेरी हौं।
प्रेम भगति को पैडो ही न्यारो हमकूँ गैल बता जा।
अगर चँदण की चिता रचाऊँ, अपने हाथ जला जा।
जल बल भई भस्म की ढ़ेरी, अपने अंग लगा जा।।

18. चिरजीवौ जोरी जुरे क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा वो हलधर के बीर।।

19. जन्मा तो यों जन्मा हों, जिसमें होवे नाम।
जनमा न होना है, भला, यदि न कमाया नाम।।

SECTION C — (3 × 10 = 30 marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

20. सूरदास के भ्रमरगीत पदों का मूलयांकन कीजिए। (1 × 10 = 10)

अथवा

21. पठित दोहों के आधार पर बिहारीलाल की काव्यकला का परिचय दीजिए।

22. वीरगाथा काल की सामान्य प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।
(1 × 10 = 10)

अथवा

23. कृष्ण भक्ति साहित्य की विशेषताओं को समझाइए।

24. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 5 = 10)$

(a) विद्यापति

(b) कबीरदास

(c) जायसी

(d) बिहारीलाल
